हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 39 | देहरादून, शुक्रवार, 29 जुलाई, 2022 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



चुनाव आयोग : अब 17 साल के युवाओं को भी भरना होगा ये आवेदन पत्र 3

# तहसीलदारों को भी स्थाई निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने का अधिकार : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सरलीकरण, निस्तारीकरण व समाधान के मंत्र पर काम किया जाए। जनता से जुडी प्रक्रियाओं को अधिक से अधिक सरल किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामित्व अभिलेख के शत प्रतिशत वितरण के लिए कैम्प लगाए जाएं। तहसीलदारो को भी स्थाई निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने का अधिकार दिया जाए। राजस्व परिषद, कलेक्ट्रेट व कमिश्नर कार्यालय ई-ऑफिस से जोडे जाएं। जिलाधिकारी महीने में चार बार दूरस्थ क्षेत्रों में बहुद्देशीय शिविरों का आयोजन कर स्थानीय लोगों की समस्याओं का निराकरण करें। तहसील दिवसो का नियमित रूप से आयोजन सुनिश्चित किया जाए। स्वैच्छिक चकबंदी के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। दाखिल खारिज के मामलो का समयबद्ध निस्तारण हो।





मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला अभिलेखागारों का आधुनिकीकरण, राजस्व पुलिस व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण व आधुनिकीकरण किये जाने की आवश्यकता है। राजस्व वादों के प्रभावी अनुश्रवण एवं निष्पादन को सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बताया गया कि अपणी सरकार पोर्टल के अंतर्गत राजस्व विभाग की 09 सेवायें संचालित हैं जिनमें से 07 सेवायें उमंग एवं ए०पी०आई० सेतु एप से इंटिग्रेटेड हैं। सेवा का अधिकार अधिनियम में अधिसूचित 15 अतिरिक्त राजस्व विभाग से सम्बन्धित सेवाओं को ऑनलाईन किया गया है। डी0आई0एल0एम0आर0पी0 में भारत सरकार स्तर से प्राप्त स्वीकृति से इतर सम्पूर्ण प्रदेश की भूमि का आधुनिक विधि से सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। नवीन राजस्व संहिता प्रख्यापित की गई है। राजस्व विभाग की भविष्य की कार्ययोजना के बारे मे जानकारी देते हुए बताया गया कि राजस्व विभागान्तर्गत विविध देयों के वसूली देयकों का 100% कम्प्यूटराईजेशन करने उपरान्त संग्रह अमीन से शत प्रतिशत वसूली लक्ष्य निर्धारित किया गया है । भूमि अधिग्रहण संबंधी समस्त कार्यवाहियों को पोर्टल पर विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया जा रहा है।

स्वामित्व योजना का सर्वेक्षण 15 अगस्त 2022 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। पंचायतीराज विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित 100% केन्द्र पोषित योजना स्वामित्व में ग्रामीण क्षेत्रों के आबादी वाले क्षेत्रों जिनका कि पूर्व में सर्वेक्षण / मापन नहीं हुआ है, का सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य मालिकाना हक, बैंकों से आवास निर्माण, पुर्ननिर्माण, गृह निर्माण आदि हेतु बैंक के माध्यम ऋण सुविधा उपलब्ध कराना है। प्रदेश के कुल 16686 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 14343 राजस्व ग्राम अधिसूचित किये गये हैं। अधिसूचित ग्रामों के सापेक्ष अभिलेखों में दर्ज आबादी वाले 7576 ग्राम ड्रोन सर्वेक्षण के लिए चिन्हित किये गये। 7576 ग्रामों में शतप्रतिशत ड्रोन फ्लाइंग पूर्ण हो गयी है। 6591 ( 87.0% ) ग्रामों में कुल 204212 स्वामित्व अभिलेख तैयार जिसके सापेक्ष 162945 (79.8 प्रतिशत) स्वामित्व अभिलेख वितरित किये जा चुके हैं ।

डिजिटल इण्डिया लैण्ड रिकार्ड मार्डनाईजेशन प्रोग्राम भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित (DILRMP) 100% केन्द्र पोषित योजना है।इसमें समस्त जेड०ए० एव नॉन जेड ए खतौनियो का कम्प्यूटरीकरण / डिजिटाईजेशन पूर्ण किया जा चुका है। समस्त 54 सब रजिस्ट्रार कार्यालयों का कम्प्यूटरीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है। 77 तहसीलों में मॉडन रिकॉर्ड रूम स्थापित किये गये हैं। समस्त 402 राजस्व न्यायालय (RCMS) पोर्टल पर ऑनलाईन किये जा चुके हैं। 96% खसरों के लिए यूनिक आईडेंटिफिकेशन पार्सल नम्बर (ULPIN) निर्गत किये गये।अल्मोडा व पौडी गढवाल जिलों के कैडस्ट्रल मैप डिजिटाईज हो चुके हैं जबकि अवशेष 11 जनपदों के कैडस्ट्रल मैप्स डिजिटाईज किये जाने का लक्ष्य सितम्बर 2024 है। समस्त खसरा नम्बरों को जियोरिफरेन्सङ यूनिक आईडेंटिफिकेशन पार्सल नम्बर (ULPIN) दिया जाएगा।इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, आनंद वर्धन, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, दीपेन्द्र चौधरी, एस. एन पांडेय, अपर सचिव ललित मोहन रयाल, आनंद श्रीवास्तव, जगदीश कांडपाल उपस्थित थे।

# श्रीनगर में शीघ्र होगा एलिवेटेड रोड़ का निर्माण : डॉ0 धन सिंह रावत

## कैबिनेट मंत्री ने समीक्षा बैठक में एनएचएआई अधिकारियों को दिये निर्देश

आशीष तिवारी की रिपोर्ट
वायरस नेटवर्क

श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बहुप्रतिक्षित मैरीन ड्राइव एलिवेटेड बाई पास रोड़ का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जायेगा। इस संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। श्रीनगर से बुआखाल-पाबौं-पैठाणी होते हुये बैजरों मोटर मार्ग एवं बुआखाल से सतपुली-बैजरों मोटर मार्ग के शीघ्र चौड़ीकरण के निर्देश भी अधिकारियों को दिये गये हैं।

> **कहा, विधानसभा क्षेत्र में जल्द पूरा करें सड़कों के निर्माण एवं चौड़ीकरण का कार्य**

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, उच्च शिक्षा, विद्यालयी शिक्षा, संस्कृत शिक्षा एवं सहकारिता मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने आज विधानसभा स्थित कार्यालय में श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण एवं चौड़ीकरण की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में उन्होंने श्रीनगर में स्वीकृत 10.2 किलोमीटर मैरीन ड्राइव एलिवेटेड बाई पास मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। डॉ0 रावत ने कहा कि इस रोड़ के निर्माण से एनआईटी एवं एसएसबी सहित श्रीनगर के नदी से लगे क्षेत्र वासियों को आवाजाही के लिये सुगमता होगी साथ ही चार धाम यात्री भी बाईपास मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। इसी प्रकार श्रीनगर-पौड़ी-बुआखाल-सतपुली-बैजरों मोटर मार्ग के चौड़ीकरण से चारधाम यात्रियों के साथ ही स्थानीय लोगों को भी बेहत्तर यातायात की सुविधा मिलेगी।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि उनकी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बुआखाल-पाबौं मोटर मार्ग को वन क्षेत्र से हटाकर भट्टीगांव-ग्वाडीगाड़-सरणा होते हुये चोपडियों तक नया निर्माण किया जायेगा। जबकि बुआखाल-पाबौं-पैठाणी होते हुये बैजरों तक मोटर मार्ग के चौड़ीकरण एवं पुल निर्माण का कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं।

बैठक में मुख्य अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग उत्तराखंड प्रमोद कुमार, सहायक अभियंता एनएच लोनिवि श्रीनगर भृगुनाथ द्विवेदी, मनोज रावत, रवि शंकर यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।





# इलेक्ट्रिक कार बनाम पेट्रोल कार : चलाने की लागत रखरखाव, इस खबर में सब कुछ बता देंगे

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




पिछली सदी से कारें पेट्रोल और डीजल जैसे जीवाश्म ईंधन पर चल रही हैं। हालांकि वे कार के इंजन को पूरी तरह से पूरक करते हैं, यह किसी से छिपा नहीं है कि पेट्रोल और डीजल CO2 उत्सर्जन में योगदान करते हैं, इस प्रकार पर्यावरण को प्रदूषित करते हैं। यह वह जगह है जहां इलेक्ट्रिक कारें फिट होती हैं। इलेक्ट्रिक कारें उत्सर्जन का एक अंश उत्सर्जित करती हैं जो उनके पेट्रोल और डीजल समकक्ष करते हैं, और साथ ही, लंबे समय में लागत प्रभावी होते हैं। हालांकि, इलेक्ट्रिक इंजन अभी भी एक नए जमाने की तकनीक है, और इसके परिणामस्वरूप, संभावित कार खरीदारों के बीच भ्रम की स्थिति प्रतीत होती है कि क्या इलेक्ट्रिक के लिए जाना है या पारंपरिक पेट्रोल से चलने वाले आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) के साथ रहना है। ) कारें। आज, हम इलेक्ट्रिक और पेट्रोल कारों के प्रमुख पहलुओं, जैसे चलने की लागत, रखरखाव, गति, और बहुत कुछ में गहराई से खुदाई करके आपके लिए तस्वीर साफ करने का प्रयास करते हैं।

**इलेक्ट्रिक कार कैसे काम करती है?**

आगे बढ़ने से पहले, आइए पहले यह समझने की कोशिश करें कि वास्तव में एक इलेक्ट्रिक कार - या सामान्य रूप से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्या है, और यह कैसे काम करती है। एक इलेक्ट्रिक कार/वाहन, जैसा कि नाम से पता चलता है, बिजली से चलती है। बाद वाली बड़ी इन्वर्टर-आकार की बैटरी से ली गई है जिसे वाहन पैक करता है। बिजली मोटर को शक्ति देती है, जो बदले में कार को चलने देती है। हालांकि यह मोटर आम गाड़ी में मिलने वाली मोटर से थोड़ी अलग है। शुरुआत के लिए, ईवी मोटर्स कम घटकों से बने होते हैं और आईसीई उर्फ आंतरिक दहन इंजन के विपरीत, संपीड़न के बाद ईंधन और हवा को नहीं मिलाते हैं। इसका मतलब है कम रखरखाव लागत और कम प्रदूषण।

बैटरियों की बात करें तो इन्हें घर या चार्जिंग स्टेशनों पर कंपनी के चार्जर के जरिए आसानी से टॉप अप किया जा सकता है; बाद वाला फास्ट चार्जिंग प्रदान करता है। ऐसे ऐप्स/वेबसाइटों का एक समूह है जो आपको आस-पास के चार्जिंग स्टेशनों तक ले जाते हैं।

**इलेक्ट्रिक कार बनाम पेट्रोल कार: कीमत**


भारत में इलेक्ट्रिक कार की कीमतें निश्चित रूप से इस समय अपने पेट्रोल समकक्षों की तुलना में अधिक हैं। इसका श्रेय बैटरियों की लागत को दिया जा सकता है, जो अन्य बैटरियों की तरह नहीं हैं। वे अत्याधुनिक तकनीक से बने हैं जो एक बार चार्ज करने पर अधिकतम सहनशक्ति प्रदान करती हैं। प्रौद्योगिकी में सुधार और अधिक व्यापक होने के कारण इलेक्ट्रिक वाहन की कीमत में कुछ वर्षों में कमी आने की संभावना है; हालांकि, अभी के लिए, आपको पेट्रोल/डीजल वाहनों की तुलना में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 25-30 प्रतिशत अधिक खर्च करना होगा।

**इलेक्ट्रिक कार बनाम पेट्रोल कार: आपको कौन सी खरीदनी चाहिए?**

इसके साथ, हमने इलेक्ट्रिक और ईंधन वाहन के प्रमुख पहलुओं को कवर किया है, जिन्हें दोनों में से किसी एक को खरीदते समय देखा जाना चाहिए। संक्षेप में कहें तो, एक ईवी दैनिक आधार पर शहर के चारों ओर ड्राइविंग के लिए एक बेहतर पिक है, रिचार्ज करने में कम लागत आती है, रखरखाव की लागत कम होती है, और बैटरी को घर या नामित चार्जिंग स्टेशनों पर टॉप अप किया जा सकता है। लेकिन जब लंबी अवधि की बात आती है, तो बैटरी बदलने से 10 से 12 साल बाद भारी बिल आ सकता है। अंत में, इस समय एक ईवी की कीमत समान रेंज प्रदान करने वाली ईंधन से चलने वाली कारों की तुलना में थोड़ी अधिक है।

वैकल्पिक रूप से, ध्यान देने योग्य बात यह है कि कई राज्य सरकारें इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर 1.5 लाख रुपये तक की सब्सिडी प्रदान कर रही हैं, यानी बैटरी क्षमता के प्रति kWh पर 10,000 रुपये की सब्सिडी। यह पहल 2030 तक भारत को पूरी तरह से इलेक्ट्रिक-वाहन राष्ट्र बनाने के सरकार के उद्देश्य के अनुरूप है। इसलिए आने वाले वर्षों में ईवी क्षेत्र में कुछ प्रमुख विकास और नवाचार देखने की उम्मीद है।पारंपरिक पेट्रोल या डीजल वाहनों की बात करें तो, ये अभी भी लगातार लंबी यात्राओं के लिए एक बेहतर पिक हैं, एक शहर के सैकड़ों पेट्रोल स्टेशनों में से किसी एक पर मिनटों में फिर से ईंधन भरा जा सकता है, और अब तक एक किफायती विकल्प है।

# ऑफिस के कामचोर एम्प्लॉई से काम कराने की ये है निंजा तकनीक, अपनाए ये ट्रिक्स




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अगर आपके ऑफिस में भी कोई कामचोर है। जिसके पास काम के समय बहुत सारे बहाने होते है और आप उसकी इस आदत से परेशान हो तो टीम न्यूज़ वायरस इस खबर में आपको ट्रिक बताएगी जिसे वह व्यक्ति अच्छे से काम करने लगेगा और आप उससे सारे काम करवा पाओगे। बता दे की अगर आप किसी ऑफिस में काम करते हैं तो समय पर काम पूरा करने का दबाव आपको भी पता होगा। किसी भी ऑफिस में ज्यादातर काम टीम वर्क पर निर्भर करता है। लेकिन कई बार देखा जाता है कि टीम में कोई न कोई व्यक्ति ऐसा होता है जो थोड़ा धीरे काम करता है या काम करने में थोड़ा आलसी होता है।

अगर आपकी टीम में कोई आलसी व्यक्ति भी है, जो पूरी प्रक्रिया को धीमा कर देता है, तो जब आप उसे काम देते हैं, तो ध्यान रखें कि काम की शुरुआत में उसे एक छोटा सा काम दें और कहें कि 'इसके साथ शुरू करें'। ऐसा कहने से व्यक्ति के मनोविज्ञान पर असर पड़ता है और उसे दिया गया काम कम लगता है। जब वह व्यक्ति पहला काम करे तो उसकी तारीफ करें और दूसरा काम उसे दें। आप आलसी लोगों को छोटे-छोटे कामों में तोड़कर किसी काम को करवा सकते हैं। तो अगर आपकी टीम में भी कोई आलसी व्यक्ति पूरे काम को धीमा कर रहा है तो उस पर ये साइकोलॉजिकल ट्रिक जरूर अपनाएं.

# 334 नए संक्रमित मिले, दो मरीजों की मौत, 1359 पहुंची सक्रिय मरीजों की संख्या




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण अब तेजी से बढ़ रहा है। गुरुवार को प्रदेश में संक्रमितों का आंकड़ा 300 के पार पहुंच गया। बीते 24 घंटे के भीतर प्रदेश में 334 नए संक्रमित मिले हैं। जबकि 257 मरीज ठीक हुए हैं। वहीं, दो मरीजों की मौत हुई है। सक्रिय मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। प्रदेश में फिलहाल 1359 कोरोना मरीजों का इलाज चल रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक गुरुवार को 1940 सैंपलों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। वहीं, देहरादून जिले में सबसे ज्यादा 178, हरिद्वार में 17, नैनीताल में 70, अल्मोड़ा में 13, पौड़ी में 14, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में तीन-तीन, चमोली में चार, रुद्रप्रयाग में दो, टिहरी में 16, ऊधमसिंह नगर में 13, उत्तरकाशी में एक, संक्रमित मरीज मिला है। प्रदेश की रिकवरी दर 94.73 प्रतिशत और संक्रमण दर 14.69 प्रतिशत दर्ज की गई।

# देहरादून को स्मार्ट सिटी बनाए रखने के लिए सीएम धामी ने 15 इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून स्मार्ट सिटी सिर्फ नाम से ही नहीं बल्कि काम से भी है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत देहरादून वासियों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। उत्तराखंड की राजधानी दून में स्मार्ट सिटी का काम जोरों पर चल रहा है। इसी कड़ी में राजधानी देहरादून में स्मार्ट इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दून कनेक्ट स्मार्ट सिटी के तहत पांच इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दे दी है। इसके साथ ही राजधानी देहरादून में दून कनेक्ट स्मार्ट सिटी के तहत अब कुल 15 बसें चल रही हैं।

इन इलेक्ट्रिक बसों में जीपीएस सिस्टम के साथ-साथ संपूर्ण एयर कंडीशनर जैसी बेहतरीन विशेषताएं हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजधानी देहरादून के रेंजर्स मैदान में स्मार्ट सिटी योजना के तहत पांच इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि इन इलेक्ट्रिक बसों का संचालन देहरादून आईएसबीटी से जॉली ग्रांट एयरपोर्ट के बीच किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी रेंजर्स ग्राउंड में ही नगर निगम द्वारा आयोजित हरेला अभियान के तहत पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया।

पर्यावरणीय दृष्टिकोण से यह बस काफी महत्वपूर्ण है. इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी. साथ ही इस बस में कई ऐसी चीजें हैं जो लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचने का काम करेगी. बस की लंबाई 12 मीटर टू बाई टू सीटिंग अरेंजमेंट के साथ इसके अंदर कुल 43 सीटें होंगी. बस में एसी की सुविधा दी गई है. साथ ही यह 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सड़कों पर दौड़ेगी. बस की बैटरी क्षमता की बात करें तो 322 केवी है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल समेत दून मेयर, डीएम, एसएसपी, कमिश्नर भी मौजूद रहे. इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा स्मार्ट सिटी योजना के तहत राजधानी में तेजी से काम किया जा रहा है. आने वाले दिनों में लोगों को इसका लाभ मिलेगा.

# चुनाव आयोग : अब 17 साल के युवाओं को भी भरना होगा ये आवेदन पत्र

फ़िरोज़ आलम गाँधी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क







अगर आपकी उम्र 17 साल पुरे होने जा रही है तो आपके लिए जरूरी खबर है। चुनाव आयोग ने विकल्प और बढ़ा दिए हैं। अब 17 साल से अधिक उम्र वाले युवा वोटर लिस्ट के आवेदन कर सकेंगे। यही नहीं वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए अब 1 जनवरी का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने को लेकर बड़ा अपडेट किया है। दअसल अब तक वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले युवाओं को ही पात्रता थी। लेकिन अब इस एज लिमिट को कम कर दिया गया है। यानी अब 17 वर्ष से अधिक उम्र वाले युवा भी वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वा सकेंगे।

चुनाव आयोग की ओर से जारी निर्देशों के मुताबिक, 17 वर्ष से अधिक उम्र वाले युवा एडवांस में ही इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनुप चंद्र पांडे ने सभी राज्यों के CEOs, EROs, और AEROs को निर्देश दिया है। आयोग के निर्देश के मुताबिक, वे ऐसी तकनीक वाला समाधान लाएं हैं, जिससे युवाओं को एडवांस आवेदन करने में सुविधा मिल जाएगी। ऐसे में अब 18 वर्ष तक की उम्र के लिए युवाओं को इंतजार नहीं करना होगा।

**1 जनवरी से पहले भी कर सकेंगे आवेदन**

आयोग की ओर से जारी निर्देशों के मुताबिक, अब युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करने के लिए साल के 1 जनवरी का इंतजार नहीं करना होगा। इससे पहले 18 साल की आयुसीमा को पूरा करने के बाद 1 जनवरी को ही नाम जोड़ने का आवेदन किया जा सकता था।

**आधार से लिंक होगी वोटर लिस्ट**

वोटर लिस्ट को लेकर चुनाव आयोग एक और बड़ा कदम उठाने जा रहा है। दरअसल मतदाता सूची के लिए जो सबसे अहम दस्तावेज की जरूरत होती है वो है, Aadhaar Card. अब चुनाव आयोग मतदाता सूची को आधार से लिंक करने की कवायद में जुट गया है इसके तहत 1 अगस्त से 31 दिसंबर तक अभियान चलाकर वोटर लिस्ट में शामिल हर नाम का आधार नंबर एकत्रित किया जाएगा। इसे आधार से लिंक किया जाएगा।

**अप्रैल 2023 तक का लक्ष्य**

चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट से आधार लिंक करने की प्रक्रिया को अप्रैल 2023 तक पूरी करने का लक्ष्य रखा है। सभी मतदाताओं तक पहुंचकर उनका आधार नंबर लेने का प्रयास किया जाएगा। एक बार मतदाताओं के नाम आधार नंबर से जुड़ जाने के बाद मतदाता सूची में कोई डुप्लीकेट नाम नहीं रहेगा। यदि किसी मतदाता के पास आधार नंबर नहीं है तो उसे शपथ पत्र देना होगा।



# विश्व हेपेटाइटिस डे : मैक्स देहरादून ने वायरल हेपेटाइटिस पर जागरूकता फैलाई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

भारत में हेपेटाइटिस अभी भी एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है। सभी श्रेणियों में से, हेपेटाइटिस बी अत्यधिक संक्रामक माना जाता है। भारत में 3 से 5% आबादी हेपेटाइटिस बी से जूझ रही है। 'विश्व हेपेटाइटिस दिवस' पर जागरूकता पैदा करने के लिए मैक्स अस्पताल, देहरादून के विशेषज्ञों डॉ मयंक नौटियाल, सलाहकार और एचओडी-लिवर ट्रांसप्लांट और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी, डॉ मयंक गुप्ता, सलाहकार - गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और डॉ संदीप सिंह तंवर , सीनियर वाईस प्रेजिडेंट एवं यूनिट हेड, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, देहरादून ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, "हेपेटाइटिस लीवर की सूजन है। हेपेटाइटिस वायरस के पांच मुख्य प्रकार हैं - ए, बी, सी, डी और ई।

हेपेटाइटिस बी के लिए अब प्रभावी टीका उपलब्ध है। 3 में से 2 लोग नहीं जानते कि वे हेपेटाइटिस बी से संक्रमित हैं। हेपेटाइटिस बी और सी दोनों ही लीवर प्रत्यारोपण और लीवर कैंसर के प्रमुख कारण हैं। हेपेटाइटिस बी एक हल्की बीमारी से लेकर कुछ हफ्तों तक चलने वाली गंभीर, आजीवन तक हो सकती है। संक्रमित होने वाले 90% से अधिक शिशु प्रतिरक्षित न होने के कारण इस संक्रमण के साथ रहते हैं। लंबे समय से संक्रमित लोगों में से 15% -25% लोगों में पुरानी यकृत की बीमारी विकसित होती है, जिसमें सिरोसिस, यकृत की विफलता या यकृत कैंसर शामिल है।



गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के सलाहकार डॉ मयंक गुप्ता ने बताया, "दुनिया भर में 35 करोड़ से अधिक लोग अभी भी इस जानलेवा बीमारी से जूझ रहे हैं। जबकि पुराने हेपेटाइटिस बी और सी के निदान और रोकथाम के लिए साक्ष्य-आधारित, प्रभावी और सुरक्षित तरीके हैं, अधिकांश लोग बिना निदान और परिक्षण के रह रहे हैं। केवल 10% और 21% लोग जानते हैं कि वे क्रमशः क्रोनिक हेपेटाइटिस बी या हेपेटाइटिस सी से ग्रसित हैं और इनमे से बहुत कम ही इसका उपचार करवा पाते हैं। इसीलिए हेपेटाइटिस से संबंधित यकृत कैंसर विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों में तेजी से बढ़ रहा है। इसके अलावा, तीव्र हेपेटाइटिस ए और ई पूरी दुनिया में लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहे हैं।

**हेपेटाइटिस बी वायरस निम्नलिखित कारणों से फैलता है :**

- संक्रमित मां से जन्मे शिशु को
- संक्रमित व्यक्ति के साथ सहवास करने से
- संक्रमित व्यक्ति के रक्त से दूषित उपकरण जैसे सुई, सीरिंज और यहां तक कि चिकित्सा उपकरण जैसे ग्लूकोज मॉनिटर को साझा करने से।
- व्यक्तिगत सामान जैसे टूथब्रश या रेज़र साझा करना।
- खराब संक्रमण नियंत्रण और स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं की कमी के परिणामस्वरूप यह अधिक फैलता है।

गंभीर स्थिति के लिए हेपेटाइटिस की कोई दवा उपलब्ध नहीं है, इसका निदान सहायक देखभाल के माध्यम से ही होता है । यकृत की पुरानी बीमारी की नियमित निगरानी और कुछ रोगियों का इलाज एंटीवायरल दवाओं से भी किया जाता है।

## वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दमखम दिखाएंगी उत्तराखंड की मानसी नेगी



देहरादून : कोलंबिया में होने वाली अंडर-20 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्तराखंड की धावक मानसी नेगी भी दमखम दिखाती नजर आएंगी। मानसी नेगी का चयन 10 किमी वाक रेस के लिए भारतीय टीम में हुआ है।

उत्तराखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव केजेएस कलसी ने बताया कि एक से छह अगस्त तक कोलंबिया में अंडर-20 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। उक्त चैंपियनशिप में 10 किमी वाक रेस में प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखंड के चमोली जनपद निवासी मानसी नेगी का चयन भारतीय टीम में हुआ है।

मानसी नेगी देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज में एथलेटिक्स प्रशिक्षक व उप क्रीड़ाधिकारी अनूप बिष्ट से प्रशिक्षण ले रही हैं। चैंपियनशिप के लिए मानसी का भारतीय एथलेटिक्स टीम में चयन होने पर उत्तराखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष संदीप शर्मा, उप निदेशक खेल मनोज शर्मा, स्पोर्ट्स कालेज के प्रधानाचार्य राजेश ममगाईं आदि ने शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उनसे मेडल की उम्मीद भी जताई है।

केंद्रीय विद्यालय संगठन के राष्ट्रीय सुब्रोतो कप फुटबाल टूर्नामेंट में अंडर-14 बालिका वर्ग में देहरादून संभाग ने गुरुग्राम संभाग को हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, अंडर-17 वर्ग में देहरादून ने भोपाल संभाग को हराकर खिताबी दौर में स्थान पाया। गुरुवार को केवि आइएमए में अंडर-14 बालिका वर्ग में सेमीफाइनल मुकाबला देहरादून संभाग और गुरुग्राम संभाग के बीच खेला गया। सडनडेथ तक खिंचे मुकाबले में देहरादून संभाग ने 4-3 से मैच को जीत लिया। देहरादून के लिए कल्पना, साक्षी, अंजली और नेहा ने गोल दागे। वहीं, आंबेडकर स्टेडियम में अंडर-17 का सेमीफाइनल मुकाबला भोपाल और देहरादून के बीच खेला गया, जिसमें देहरादून ने भोपाल को 7-0 से हराया।

# बिहार के नवादा से पकड़ा गया केदारनाथ हेली सेवा के नाम पर ठगी का मास्टरमाइंड

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

केदारनाथ यात्रा के लिये हैलीसेवा उपलब्ध कराने के नाम पर धोखाधडी करने वाले गिरोह के मास्टर मांइड को साइबर पुलिस द्वारा वांरट पर पकडकर न्यायालय किया गया पेश पूर्व में की जा चुकी है एक अन्य सदस्य की गिरफ्ता जहाँ एक तरह से साइबर पुलिस प्रतिदिन लोगों का पैसा वापस करा रही है वहीं भारत के अलग-अलग कोने में साइबर अपराधी की धरपकड़ करती हुई। STF एवं साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन उत्तराखण्ड द्वारा केदारनाथ हैलीकॉप्टर यात्रा सेवा देने के नाम पर भारत के विभिन्न कोनो में धोखाधडी करने वाले गिरोह को बिहार से गिरफ्तार कर भारत के एक बहुत बड़े संगठित गिरोह को किया ध्वस्त ।

वर्तमान में साइबर अपराधी आम जनता की गाढ़ी कमाई हड़पने हेतु अपराध के नये-नये तरीके अपनाकर धोखाधड़ी कर रहे है। इसी परिपेक्ष्य में ठगों द्वारा पर्यटन के नाम पर फर्जी साइट तैयार कर आम जनता से ई-मेल व दूरभाष व अन्य सोशल साईटों के माध्यम से सम्पर्क कर केदारनाथ हैलीकॉप्टर यात्रा सेवा देने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी की जा रही है ।

इसी क्रम में एक प्रकरण साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन को प्राप्त हुआ जिसमें शिकायतकर्ता प्रशान्त यादव पुत्र दिलीप कुमार के साथ अज्ञात अभियुक्तो द्वारा केदारनाथ यात्रा हैलीकॉप्टर सेवा देने के नाम पर फर्जी मोबाईल नम्बरों से शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर ऑनलाईन हैलीकॉप्टर यात्रा सेवा बुक कराने के नाम पर शिकायतकर्ता से 1,18,000/- रुपये की धनराशि धोखा धड़ी से विभिन्न बैंक खातो में प्राप्त करने सम्बन्धी शिकायत के आधार पर साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन देहरादून पर मु0अ0सं0 11/22 धारा 420 भादवि व 66(डी) आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा विवेचना साइबर थाने के निरीक्षक श्री विकास भारद्वाज के सुपुर्द की गयी। अभियोग में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु घटित टीम द्वारा घटना में प्रयुक्त मोबाईल नम्बर, तथा अभियुक्तो द्वारा



शिकायतकर्ता से प्राप्त धनराशि की जानकारी प्राप्त की गयी तो प्रकाश में आया कि अभियुक्तो द्वारा केदारनाथ हैलीकॉप्टर यात्रा देने के नाम वादी मुकदमा से धोखाधडी की गयी । मोबाईल नम्बर व खातों की जानकारी से अभियुक्तगणों का बिहार से सम्बन्ध होना पाया गया जिसमें टीम को बिहार रवाना किया गया था ।पुलिस टीम द्वारा अथक मेहनत एवं प्रयास से अभियुक्तो द्वारा वादी मुकदमा को रोजर पे का खाता संख्या व मोबाईल नम्बर दिये थे व धोखाधडी से प्राप्त की गयी धनराशि जो एसबीआई खाता व रोजर पे खाता में प्राप्त की गयी थी के खाताधारक की जानकारी प्राप्त की गयी व उक्त खाते का खाताधारक के सम्बन्ध में साक्ष्य एकत्रित करते हुये अभियोग में 01 अभियुक्त सेन्टी कुमार उर्फ विकास कुमार को उसके निवास स्थान ग्राम धनबिगहा बिहार दिनांक 20.05.2022 को गिरफ्तार किया गया तथा स्थानीय पुलिस की मदद से अन्य अभियुक्त व निक्कु कुमार जो कि थाना वारिसलीगंज जनपद नवादा बिहार के अभियोग में वांछित होने के कारण स्थानीय पुलिस को सुपुर्द किया गया था उक्त अभियुक्त निक्कू कुमार को आज दिनांक को वारंट पर पकडकर नवादा बिहार से लाकर न्यायिक कार्यवाही हेतु कोर्ट में पेश किया जा रहा है ।

**अपराध का तरीकाः-**

अभियुक्तगणों द्वारा फर्जी साईट तैयार कर फर्जी नम्बरों को गूगल पर डाला जाता था, जिससे पिड़ित व्यकित द्वारा केदारनाथ हैलीकॉप्टर यात्रा सेवा को लेने हेतु गूगल से नम्बर सर्च कर फोन के माध्यम से सम्पर्क किया जाता व अभियुक्तगणों द्वारा Wi-Fi राउटर को पेड़ पर टांगकर हैलीसेवा लेने वाले व्यक्तियों को इन्टरनेट कॉलिंग के माध्यम से कॉल कर रेट लिस्ट के आधार पर हैलीकॉप्टर यात्रा सेवा बुक की जाती थी तथा शिकायतकर्ता से धोखाधड़ी कर धनराशि विभिन्न वॉलेट व खातों में प्राप्त की जाती है। शिकायतकर्ता से प्राप्त उक्त धनराशि को एटीएमों के माध्यमों से निकाल लिया जाता था । गौरतलब है कि इससे पूर्व भी पर्यटन की आड़ में माँ वैष्णो देवी हैलीकॉप्टर यात्रा सेवा देने के नाम पर साइबर अपराधियों द्वारा फर्जी साइट तैयार कर पवन हंस हैलीकॉप्टर यात्रा सेवा बुक कराने के नाम पर धोखाधड़ी से सम्बन्धित दो अभियुक्तों को नालन्दा, नवादा बिहार से गिरफ्तार किया गया था। जिससे प्रतीत होता है कि नवादा बिहार हैली सेवा व अन्य विभिन्न माध्यमों से साइबर धोखाधड़ी देने वाला गढ़ बन चुका है जिसे ध्वस्त किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. निक्कु कुमार पुत्र शिवकुमार प्रसादर निवासी ग्राम धनबिगहा पो0 साम्बे थाना वारिसलीगंज जनपद नवादा बिहार। उम्र 29 वर्ष ( अभियुक्त निक्कु कुमार उपरोक्त थाना वारिसलीगंज जनपद नवादा बिहार के अभियोग में वांछित होने के कारण बिहार पुलिस के सुपुर्द किया गया, अभियुक्त को वारण्ट बी पर तलब किया गया )प्रभारी एस0टी0एफ0 उत्तराखण्ड द्वारा जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के लोक लुभावने अवसरो/फर्जी साइट/धनराशि दोगुना करने व टिकट बुक करने वाले अंनजान अवसरो के प्रलोभन में न आयें । किसी भी प्रकार के ऑनलाईन टिकट को बुक कराने से पूर्व उक्त साईट का पूर्ण वैरीफिकेशन स्थानीय बैंक, सम्बन्धित कम्पनी आदि से भलीं भांति इसकी जांच पड़ताल अवश्य करा लें तथा गूगल से किसी भी कस्टमर केयर नम्बर सर्च न करें। कोई भी शक होने पर तत्काल निकटतम पुलिस स्टेशन या साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन को सम्पर्क करें । वित्तीय साईबर अपराध घटित होने पर तुरन्त 1930 नम्बर पर सम्पर्क करें । इसके अतिरिक्त गिरफ्तारी के साथ-साथ साईबर पुलिस द्वारा जन जागरुकता हेतु अभियान के अन्तर्गत हैलीसेवा वीडियो साइबर पेज पर प्रेषित किया गया है। जिसको वर्तमान समय तक 40,000 लोगो द्वारा देख कर 216 लोगों द्वारा शेयर किया गया है।

# उधमसिंह नगर डीएम युगल किशोर पंत ने राष्ट्रीय स्तर पर पुरूस्कृत होने वाले स्कूलों को दी बधाई

सलीम सैफ़ी
न्यूज़ वायरस नेटवर्क



जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने जेसीज पब्लिक स्कूल में आयोजित स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी एवं विधायक शिव अरोरा ने संयुक्त रूप कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि विगत कई वर्षों से स्वच्छता पर सिर्फ जनपद या राज्य ही नही बल्कि पूरे राष्ट्रीय स्तर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रायः देखा जा रहा है कि अपने घरों में तो साफ-सफाई बहुत अच्छे से रखते है, परन्तु अन्य सामाजिक स्थल पर हमारा योगदान घरों की तरह नही होता। जिस कारण हमारे क्षेत्र, जनपद, राज्य में स्वच्छता अच्छे से नही हो पाती है। इस कार्य को बड़े स्तर पर पहले से और अधिक बेहतर करने के लिए प्रयास करना होगा। जैसे कि हम अपने विद्यालयो को किस प्रकार साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था बेहतर हो सके। इसके लिए विद्यालय के बच्चों, शिक्षको एवं विद्यालय के अन्य स्टॉफ को प्रेरित करने के लिए स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार की अवधारणा निर्धारित की गयी थी। उन्होने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे बहुत प्रशंसा हो रही है कि हमारे जनपद के दो विद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर पुरूस्कृत होने जा रहे है। उन्होने कहा कि हम सब छोटे-छोटे प्रयास से अपने विद्यालय के परिसर, शहर, जनपद, राज्य एवं अपने देश को स्वच्छ रख सकते है। इसके लिए हमे अपने अवधारणा को बदल कर सिर्फ मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि मुझे सिर्फ आशा ही नही अपितु पूर्ण विश्वास है कि जिन विद्यालय को आज यहां पुरूस्कृत किया जायेगा उनसे अन्य विद्यालय भी प्रोत्साहित होगें तथा अपने-अपने विद्यालयों के परिसरों को स्वच्छ रखेंगे और एक सन्देश बच्चों के माध्यम से घरों तक जायेगा कि स्वच्छता आज विकास के दौर में सबसे अहम पहलू जिसे हमे पूरा करना है।

इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार में हमारे जनपद के दो विद्यालयों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना कोई सामान्य बात नही है यह बहुत ही सम्मान की बात है हमार जनपद के लिए। उन्होने कहा कि जिन विद्यालयों का जनपद स्तर पर भी चयन हुआ है वे भी बाधाई के पात्र है। उन्होने कहा कि विद्यालय का कार्य सिर्फ शिक्षा देना ही नही बल्कि बच्चों में समग्र विकास करना है, हमे अपनी अवधारणा बदलनी होगी। उन्होने कहा कि हम सिर्फ शिक्षा से एक बेहतर डॉक्टर, इन्जिनियर, वैज्ञानिक, व्यापारिक तो बना सकते है किन्तु शिक्षा के साथ संस्कार भी दें तो हम एक बेहतर इंसान बना सकते है जो एक बेहतर राज्य व देश के निर्माण में अपना सहयोग देगा। उन्होने कहा कि आज हमारे देश को एक बेहतर इंसान की आवश्यकता है जो अच्छे संस्कार के माध्यम से सामाजिक और मानवीय संवेदनाओं के साथ समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करें। उन्होने कहा कि संस्कार हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और स्वच्छता हमारे संस्कार का एक महत्वपूर्ण अंग है। उन्होने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों का यह दायित्व और अधिक



बढ़ जाता है कि वह अच्छी शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार भी दें।

स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार कार्यक्रम में मुख्य श्रेणी में चयनित विद्यालयें में रूद्रपुर ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र में दिल्ली पब्लिक स्कूल, प्रा0वि0 महाराजपुर, प्रा0वि0 गंगापुर, रा0ई0का0 बरा, आरऐएन पब्लिक स्कूल, शहरी क्षेत्र में सांई पब्लिक स्कूल खड़कपुर, पीआरबीएचएस ऐकेडमी नगर काशीपुर प्रधानाचार्य को सम्मानित किया गया। उप श्रेणी में चयनित विद्यालयों में ग्रामीण क्षेत्र के दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेंट मेरीज सिनियर सेकेण्डरी स्कूल, प्रा0वि0 महाराजपुर, प्रा0वि0 गंगापुर, उच्च प्रा0वि0 बिडौरा, आरऐएन पब्लिक स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय खटीमा, प्रा0वि0 बांसखेड़ा कलां, जीजीएचएस हरिदासपुर एवं रामनिवास सरस्वती अग्रवाल एसएसएम पीएमवी नगला तथा शहरी क्षेत्र में जीएचएस किच्छा, लिटिल किंगडम प्रीपेटरी स्कूल रूद्रपुर, पीएस कोलम्बस सेकेण्डरी पब्लिक स्कूल, क0जू0हा0 स्कूल किच्छा, श्री कृष्णा मर्चेन्ट, प्रा0वि0 आजाद नगर, पीआबीएचएस ऐकेडमी नगर काशीपुर, प्रा0वि0 सितारगंज एवं कविता मॉर्डन जूनियर हाई स्कूल को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सचिव जेपीस सुरजीत सिंह ग्रोवर, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्या, खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ0 गुंजन अमरोही, जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा के समस्त अधिकारी एवं विभिन्न विद्यालायों के प्रधानाचार्य व शिक्षक आदि उपस्थित थे।

# डीजीपी अशोक कुमार की दिवंगत माँ को शासन प्रशासन और सरकार ने दी भावुक श्रद्धांजलि





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

डीजीपी उत्तराखंड अशोक कुमार की दिवंगत माताजी श्रीमती सावित्री गर्ग की आत्मा की शांति के लिए स्वर्गपुरी आश्रम, पुलिस लाइन के सामने, रेसकोर्स, देहरादून में सायं 3 से 4 बजे तक एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए, दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी।

इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह एवं माननीय मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में दिवंगत माताजी श्रीमती सावित्री गर्ग को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति मिले ऐसी ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

इस अवसर पर माननीय मंत्री सुबोध उनियाल, मेयर देहरादून- सुनील उनियाल गामा, मुख्य सचिव उत्तराखण्ड एस एस संधु, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री- राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव- आनंद बर्द्धन, सचिव- पंकज पाण्डेय, महानिदेशक खनन- बृजेश कुमार संत, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक- अनिल रतूड़ी, आर्मी के जनरल, IMA और Subarea के commander, नौसेना के admiral, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन- अभिनव कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस संचार- अमित सिन्हा, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था- वी मुरूगेशन, जिलाधिकारी देहरादून, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून, सहित उत्तराखण्ड शासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिये AIIMS ऋषिकेश ने उठाया बड़ा कदम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हाल ही में डॉ मीनू सिंह ने AIIMS ऋषिकेश के निदेशक के रूप में पदभार संभाला और आते ही उठाया बड़ा कदम। बता दे शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए ये बड़ा कदम उठाया गया है।मीनू सिंह के मुताबिक, बच्चों की मृत्यु दर सबसे ज्यादा सांस की बीमारियों के कारण है। पहाड़ में बच्चों की मृत्यु दर पर अंकुश लगाने के लिए एम्स ने एक नई पहल शुरू की है। एम्स ऋषिकेश में बच्चों के लिए एक उत्कृष्ट केंद्र स्थापित किया जा रहा है। इसके तहत अब आउटरीच बच्चों का भी एम्स में इलाज होगा।

एम्स की निदेशक मीनू सिंह के मुताबिक उत्तराखंड के दुर्गम और पहाड़ी इलाकों से लोगों को यात्रा करने की जरूरत नहीं है। इसके लिए एम्स के निदेशक ने एम्स में एक उत्कृष्ट केंद्र खोलने का फैसला किया है। शुरुआती चरण में इलाज और दवाएं पहुंचाने के लिए ड्रोन के तहत काम शुरू किया जाएगा। यह एक बड़ी चुनौती है कि उत्तराखंड में बच्चों की मृत्यु दर राष्ट्रीय अनुपात से काफी अधिक है। इसे कमेटी बनाने के लिए एक उत्कृष्ट केंद्र स्थापित करने की पहल की गई है।




आपको बता दें कि डायरेक्टर प्रोफेसर मीनू सिंह चाइल्ड रेस्पिरेटरी सिस्टम स्पेशलिस्ट हैं। इसलिए उन्होंने बच्चों की इस बुनियादी समस्या को जड़ से खत्म करने की तैयारी शुरू कर दी है. एम्स में बुनियादी तैयारी शुरू करने के तुरंत बाद तकनीकी व्यवस्था शुरू की जाएगी। एम्स की निदेशक मीनू सिंह ने बताया कि अभी तक एम्स में सिर्फ उन्हीं बच्चों का इलाज किया जा रहा था, जो अब एम्स में पहुंच गए हैं, लेकिन अब आउटरीच बच्चों का भी एम्स में इलाज होगा. इसी को ध्यान में रखते हुए एम्स में बच्चों के लिए एक उत्कृष्ट केंद्र शुरू किया जा रहा है।

# दिल्ली की कुर्सी पर शादाब शम्स की नज़र मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। देश के अल्पसंखयक समाज से शानदार वक्ता एवं एक मज़बूत उभरता हुआ चेहरा उत्तराखंड भाजपा से शादाब शम्स के रूप में दिखाई दे रहा है । भाजपा के 25, 26, 27 जुलाई 2022 तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर को 12 सत्रो में बाँटा गया। सत्र को 12 वक्ताओं द्वारा संबोधित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में देश के कोने कोने से आए भाजपा अल्पसंखयक मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्रीगण प्रशिक्षणार्थियों के रूप में उपस्थित रहे। प्रथम सत्र में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर मुख्य अतिथि के रूप में रहें। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंखयक मोर्चा जमाल सिद्दीक़ी द्वारा उन्का स्वागत किया गया साथ ही भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री व मोर्चा की प्रभारी डी पूरनदेश्वरी द्वारा केन्द्रीय अल्पसंखयक मंत्री स्मृति ईरानी का स्वागत किया गया ।

**सत्रो में मुख्य वक्ताओं के रूप में निम्नलिखिल अतिथियों ने शिरकत की।**

1. जॉन बरला केन्द्रीय राज्य अल्पसंखयक मंत्री भारत सरकार
2. दानिश अन्सारी अल्पसंखयक मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार
3. रविंद्र साठे केन्द्रीय प्रशिक्षण विभाग
4. महेश चन्द् शर्मा जी राष्ट्रीय संयोजक प्रशिक्षण
5. श्री वी सतीश राष्ट्रीय सह संघटक
6. शाहनवाज़ हुसैन राष्ट्रीय प्रवक्ता उधोग मंत्री बिहार सरकार
7. शादाब शम्स प्रदेश प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी उत्तराखण्ड
8. ज़फ़र इस्लाम राष्ट्रीय प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी व राज्यसभा सांसद
9. किरन रिजिजू केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार
10. सुनील देवधर राष्ट्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी
11. श्वेता शालिनी जी प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र
12. स्मृति ईरानी केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता शादाब शम्स राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा में अल्पसंख्यकों के नये और मजबूत चेहरे के रूप में उभरते हुए देखा जा रहा हैं। प्रखर वक्ता, तर्कसंगत व तथ्यात्मक बात रखने में निपुण शादाब विभिन्न मुद्दों पर मीडिया चर्चा परिचर्चाओं में विपक्षियों पर भारी पड़ते हैं।

पार्टी के प्रति उनके समर्पण भाव, राजनीतिक समझ और दूरदर्शिता को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित पार्टी प्रशिक्षण शिविरों में उन्की उपस्थिति भविष्य की राजनीतिक उपयोगिता की ओर इशारा कर रही है राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के योगदान पर एक सत्र लिया तब शिविर में उनके वक्तत्व को सभी ने सराहा। शिविर में उनको राष्ट्रीय स्तर पर एक नई और महत्वपूर्ण पहचान मिली है। शिविर में भाजपा के कई दिगज्ज नेताओं द्वारा शादाब शम्स की तारीफ़ से यह स्पष्ट है उत्तराखण्ड से राष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंखयक प्रतिनिधित्व जल्द नज़र आने वाला है।

**राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखण्ड से शादाब शम्स के तौर पर जल्द नज़र आ सकता है अल्पसंखयक प्रतिनिधित्व, भाजपा अल्पसंखयक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में उठी बात**



## संपादकीय


# मुफ्तखोरी की राजनीति

देश के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन्ना की अगुवाई वाली खंडपीठ ने अव्यावहारिक चुनावी वायदों और मुफ्तखोरी को चिंताजनक बताया है. साथ ही, इसे नियंत्रित करने की आवश्यकता बतायी है. इस मसले पर वित्त आयोग के विचार भी आमंत्रित किये गये हैं. एक जनहित याचिका के जवाब में चुनाव आयोग ने अपने हलफनामे में कहा है कि मतदाता ही मुफ्तखोरी की सियासत को स्वीकारते हैं, जिससे उसके पास कार्रवाई का विकल्प नहीं बचता. खंडपीठ ने कहा है कि ऐसे मामलों की जांच हो और उसे नियंत्रित किया जाये. केंद्र सरकार की तरफ से औपचारिक जवाब नहीं आने पर नाराजगी जाहिर करते हुए खंडपीठ ने एक हफ्ते के भीतर पक्ष स्पष्ट करने को कहा है. इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने भी 'रेवड़ी संस्कृति' को देश के विकास में बड़ा बाधक बताया था. उन्होंने कहा कि मुफ्तखोरी की राजनीति करनेवाले एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट और डिफेंस कोरिडोर आदि के निर्माण में विश्वास नहीं करते. राजनीति से ऐसी सोच को हटाने की जरूरत है. अप्रैल में वरिष्ठ नौकरशाहों की एक टीम ने भी प्रधानमंत्री से कहा था कि मुफ्तखोरी की संस्कृति राज्यों को दिवालिया बना सकती है. चुनावी घोषणापत्र और मुफ्त उपहारों के मुद्दे पर साल 2013 में एस सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु सरकार आदि मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि किसी भी प्रकार की मुफ्तखोरी निःसंदेह बड़े स्तर पर लोगों को प्रभावित करती है. इससे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की बुनियाद कमजोर होती है. चुनाव आयोग ने भी अपने हलफनामे और बयान में स्वीकारते हुए कहा था कि सरकारी स्तर पर मुफ्तखोरी चुनावी प्रतिस्पर्धा और प्रक्रिया को प्रभावित करती है. इस संदर्भ में शीर्ष अदालत द्वारा किसी निर्देश या निर्णय को चुनावी आयोग ने लागू करने की इच्छा भी जाहिर की थी. मतदाताओं को रिझाने के लिए 'रेवड़ी संस्कृति' राजकोषीय आपदा बन सकती है. यह देश की दीर्घावधिक विकास की राह में रोड़ा है, लिहाजा कल्याणकारी योजनाओं के नाम पर होनेवाले खर्चों को उत्पादक और अनुत्पादक नजरिये से भी देखने की जरूरत है. राजकोषीय स्थिरता केवल व्यय ही नहीं, बल्कि राजस्व से भी संबंधित है. अतः मुफ्तखोरी के असर को आर्थिक बोझ समझते हुए इसे करदाताओं के धन से भी जोड़ने की जरूरत है. अन्यथा, मुफ्तखोरी का चलन आर्थिकी के नुकसान के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों को भी नष्ट कर देगा.

# देहरादून, नैनीताल समेत छह जिलों में भारी वर्षा का अलर्ट, पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन की आशंका

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। उत्तराखंड में बादलों के मंडराने के साथ ही वर्षा का क्रम जारी है। शुक्रवार से चार दिन तक राज्य में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग ने देहरादून और नैनीताल समेत छह जिलों में भारी वर्षा की संभावना जताते हुए आरेंज अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों में भी गरज के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं।



गुरुवार को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सुबह से बादल छाए रहे। दोपहर बाद कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा भी दर्ज की गई। दून में शाम को ज्यादातर हिस्सों में झमाझम वर्षा हुई। इससे कई चौराहे-तिराहे जलमग्न हो गए। रिस्पना-बिंदाल समेत सभी नदी-नाले उफान पर आ गए।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, दून में अभी कुछ दिन मौसम का रुख इसी प्रकार का बना रह सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार देहरादून, नैनीताल, टिहरी, पौड़ी, चम्पावत और बागेश्वर में शुक्रवार से सोमवार तक भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में भूस्खलन और चट्टानें खिसकने की आशंका है। इसके अलावा नदी-नालों के उफान पर आने और निचले क्षेत्रों में जलभराव होने के आसार हैं। इसको लेकर सभी जिला प्रशासन को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

पर्वतीय क्षेत्रों में रुक-रुककर हो रही वर्षा परेशानी बनी हुई है। वर्षा के कारण जगह-जगह भूस्खलन होने से सड़कों पर आवाजाही प्रभावित हो रही है। गंगोत्री हाईवे मलबा आने के कारण गुरुवार को करीब आठ घंटे बंद रहा। गौरीकुंड हाईवे पर भी सात घंटे तक यातायात ठप रहा। हालांकि, शाम को दोनों हाईवे पर यातायात सुचारू हो गया था। इसके अलावा प्रदेशभर में छोटे-बड़े करीब दो दर्जन मार्ग अवरुद्ध हैं, जिन्हें जेसीबी से खोलने का प्रयास किया जा रहा है।

# कांवड़ यात्रियों की ओवरलोड बस पहाड़ी से टकरा कर पलटी, एक की मौत, 31 घायल



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश : नीलकंठ महादेव मंदिर के दर्शन कर लौट रहे कांवड़ यात्रियों से भरी एक ओवरलोडिंग बस मुनिकीरेती के खारा स्रोत के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 51 यात्री घायल हो गए। 58 सीटर इस बस में करीब 65 यात्री सवार थे। गंभीर रूप से घायल 10 यात्रियों को एम्स ऋषिकेश में रेफर किया गया है।

जिससे में एक की हालत गंभीर है। जबकि शेष यात्रियों का उपचार ऋषिकेश के एसपीएस राजकीय चिकित्सालय में जारी है। इस मामले में एआरटीओ अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि बस में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। प्राथमिक जांच में बस के शेष प्रपत्र सही मिले हैं। दुर्घटना गुरुवार सायं करीब पांच बजे हुई। पुलिस के मुताबिक बलिया उत्तर प्रदेश से करीब 65 यात्री एक स्लीपर बस में सवार होकर नीलकंठ महादेव मंदिर के दर्शन के लिए आए थे। मुनिकीरेती के खारास्रोत स्थित पार्किंग में बस खड़ी कर से सभी यात्री पैदल व अन्य वाहनों से नीलकंठ मंदिर के दर्शन के लिए गए थे। गुरुवार सायं नीलकंठ में दर्शन कर लौटने के बाद सभी यात्री खरास्रोत पार्किंग से बस में सवार होकर हरिद्वार के लिए रवाना हुए थे। पार्किंग से कुछ आगे ब्रह्मानंद तिराहे की ढलान पर अनियंत्रित बस पहले एक पोल से टकराई, जिसके बाद पहाड़ी से टकरा कर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना का कारण बस के ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है हालांकि तकनीकी जांच के बाद ही असली वजह सामने आ पाएगी।

दुर्घटना के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम ने स्थानीय नागरिकों के साथ बस में सवार यात्रियों को किसी तरह बाहर निकाला। घायलों को 108 आपात सेवा तथा विक्रम-टेंपो के माध्यम से एसपीएस राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश भेजा गया। जहां अगरसंडा बलिया उत्तर प्रदेश निवासी 50 वर्षीय इंदु देवी पत्नी भरत निवासी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दुर्घटना में 51 यात्रियों को चोटें आई हैं। जिनमें से गंभीर रूप से घायल 10 यात्रियों को एम्स ऋषिकेश भेजा गया है।

हादसे में घायल हुए यात्रियों में अनानिया, अमित, मीठी, सहदेवी, अंकित गुप्ता, अजीत कुमार गुप्ता, रानो देवी, मंजू देवी, गणेश चौरसिया, भोला वर्मा, विमला, शिवजी, पार्वती, अंशुल, फुलझड़ियां, अंकित, फुलवंती, अभय नारायण, सुधा वर्मा, प्रकाश चंद मेहता, झूलन, प्रमिला, गोपाल, इंदु, गीता चौरसिया, नाकपति, रेणु मेहता,आशा देवी, हरि कृष्ण वर्मा, जगदंबा पासवान, मीरा गुप्ता, मंजू गुप्ता, अनु, गुप्तेश्वर, ज्ञायंती सिंह, अमला, कुंती देवी, दुर्गावती, पुष्पा, विनोद यादव, अवधेश पांडे, शिव कुमारी चौरसिया, यशोदा देवी, मंजू देवी, संजय कुमार, निर्मल वर्मा, अवध किशोर, कौशल्या देवी, राजकुमार, संजय गुप्ता शामिल हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनकीरेती रितेश शाह ने बताया कि सभी घायल बलिया जिले के अगरसंडा, मझुवा, प्रबंधकपुर, ददरी, पहाड़ीपुर व बासड़ी गांवों के रहने वाले हैं।

# पब्लिक हेल्थ कम्युनिकेशन एवं बिहेवियरल चेंज के सफल सम्पादन से बेहतर होंगी उत्तराखंड के समुदाय की स्वास्थ्य सुविधाएं



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए साथ ही स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों के जनता तक पहुँचाने के लिए पब्लिक हेल्थ कम्युनिकेशन बहुत महत्वपूर्ण है जिसमे व्यव्हार परिवर्तन बहुत अहम भूमिका निभाता है।दिनांक 28जुलाई 2022 को श्रीमती राधिका झा ,सचिव स्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने निदेशक पब्लिक हेल्थ इंस्टिट्यूट,हारवर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर विश्वनाथ के साथ संबंधित विषय पर भेंट वार्ता की।हारवर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर विश्वनाथ ने सर्वप्रथम श्रीमती राधिका झा सचिव स्वास्थ्य एवं डॉ आर राजेश कुमार प्रभारी सचिव स्वास्थ्य एवं मिशन निदेशक तथा टीम को सम्बोधित करते हुए उनके द्वारा पब्लिक हेल्थ कम्युनिकेशन से जुड़े कार्यों को जो वह अन्य राज्यों जैसे बिहार, असम आदि के साथ कर रहे हैं उन्हें साझा किया जैसे रिसर्च,क्षमता विकास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के साथ कार्य कर रहे हैं,हेल्थ क्वालिटी,इम्प्लीमेंटशन ऑफ़ साइंस वर्कशॉप,स्ट्रेटेजीक हेल्थ कम्युनिकेशन। प्रोफेसर ने बल दिया कि पब्लिक बेहेवियर को किस प्रकार इंटरपर्सनल कम्युनिकेशन एवं बेहतर जनसंपर्क के माध्यम से प्रभावित किया जा सकता है।बैठक के दौरान श्रीमती राधिका झा, सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि विभाग कि प्राथमिकता है कि महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधित विषयों एवं इंस्टिट्यूशनल डिलीवरी जैसे विषयों से निपटने के लिए पब्लिक हेल्थ कम्युनिकेशन के बेहतर रोडमैप की आवश्यकता है जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग हारवर्ड यूनिवर्सिटी के साथ समन्वय स्थापित कर के धरातल पर कार्य करेगा। उक्त संबंध में women हेल्थ IEC बहुत महत्वपूर्ण है जिससे अर्ली डिटेक्शन ऑफ़ कैंसर जैसे अहम मुद्दों का निवारण भी होगा। सचिव महोदया ने धरातल पर इस कार्य के सफल सम्पादन के पश्चात इम्पैक्ट ऐसेसमेंट किये जाने पर बल दिया।इस अवसर पर प्रभारी सचिव स्वास्थ्य डॉ आर राजेश कुमार ने प्रोफेसर विश्वनाथ से अनुरोध किया कि वह विभाग को मिस इनफार्मेशन ऑन हेल्थ विषय के निवारण ,पब्लिक हेल्थ से जुडी भ्रान्तियो का निवारण , स्वास्थ्य संबंधित नेगेटिव न्यूज़ का समाधान आदि विषयों से संबंधित modules को विभाग के साथ साझा करें।बैठक के दौरान अपर सचिव स्वास्थ्य श्रीमती अमनदीप कौर ने डॉक्टर पेशेंट डिसट्रस्ट के बारे में चर्चा की एवं इसके समाधान की ओर प्रयास करते हुए behavioural चेंज के माध्यम से समुदाय की मानसिकता को बदलने की बात पर बल दिया।डॉ शैलजा भट्ट,महानिदेशक स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि अनेमिया मुक्त उत्तराखंड की ओर पब्लिक हेल्थ कम्युनिकेशन एंड behavioural चेंज के क्षेत्र में कार्य किये जाने का प्रस्ताव रखा। इस अवसर पर डॉ सरोज नैथानी, निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, डॉ पंकज सिंह, सहायक निदेशक IDSP, डॉ राजन अरोड़ा, विश्व बैंक स्वास्थ्य विभागआदि ने भी उत्तराखंड के अन्य स्वास्थ्य संबंधित विषयों से जुड़ी चुनौतियों एवं उस ओर पब्लिक हेल्थ कम्युनिकेशन रणनीती के लिए अपने विचार साझा किये।

**महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधित विषयों को बेहतर बनाने के लिए व्यवहार परिवर्तन एवं बेहतर पब्लिक हेल्थ कम्युनिकेशन की है अहम भूमिका- सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग श्रीमती राधिका झा**



# भाजपाइयों ने फूंका कांग्रेस नेता अधीर रंजन का पुतला, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पर आपत्तिजनक टिप्पणी से आक्रोश




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। इसको लेकर दून में महानगर भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने कांग्रेस नेता का पुतला फूंका।

गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर देहरादून के कार्यकर्त्ताओं ने सोनिया गांधी माफी मांगों, कांग्रेस पार्टी माफी मांगो के नारों के साथ महानगर कार्यालय से एस्लेहाल चौक तक पैदल मार्च भी निकाला। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का पुतला फूंका।

वक्ताओं ने कहा कि देश की प्रथम नागरिक पर इस प्रकार की टिप्पणी करना राष्ट्रद्रोह है। ऐसे में आरोपित कांग्रेस नेता के पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदर्शन करने वालों में महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट, महामंत्री रतन चौहान, मीडिया प्रभारी राजीव उनियाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंशुल चावला, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष जावेद आलम, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेश कंबोज नीटू, युवा मोर्चा पूर्व अध्यक्ष श्याम पंत आदि शामिल रहे।

भारतीय जनता पार्टी आंबेडकर नगर मंडल के अध्यक्ष विशाल गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्त्ता शहर कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने कोतवाल विद्याभूषण नेगी को कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के विरुद्ध तहरीर दी। मंडल अध्यक्ष विशाल गुप्ता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को राष्ट्रपत्नी संबोधित किया, जो दुभार्ग्यपूर्ण है। कांग्रेस उनके विरुद्ध गलत भाव से समाज में अराजकता फैला रही है। कांग्रेस के नेताओं की ओर से उनके प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। जिस पर कांग्रेस नेताओं पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान मंडल महामंत्री विपिन खंडूड़ी, अरुण खरबंदा, युवा मोर्चा अध्यक्ष ऋषभ पाल, अनूप गोयल, हिमेश भटनागर, गिरिशानंद, मुकेश प्रजापति आदि उपस्थित थे।



दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी

कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी

दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com

RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा